भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 2699
19 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

**पीएमएमएसवाई के अंतर्गत लाभार्थी**

**2699. श्रीमती क्वीन ओझा:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों से संबंधित कोई आंकड़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) और (ख): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत विगत तीन वित्तीय वर्षों (2020-21 से 2022-23) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य कार्यान्वयन एजेंसियों के 17527.22 करोड़ रुपए के मात्स्यिकी विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी है और अनुमान है कि इन प्रस्तावों से 10.97 लाख लाभार्थियों को लाभ हो रहा है। पीएमएमएसवाई के तहत अनुमानित लाभान्वित लाभार्थियों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

**अनुबंध**

**पीएमएमएसवाई के अंतर्गत लाभार्थियों के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश वार विवरण के संबंध में 19 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2699 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश | अनुमानित लाभार्थी (संख्या) |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 121384 |
| 2 | अंडमान और निकोबार | 1415 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1414 |
| 4 | असम | 51442 |
| 5 | बिहार | 66072 |
| 6 | छत्तीसगढ | 59235 |
| 7 | दमन और दीव एवं दादरा और नगर हवेली | 30 |
| 8 | दिल्ली | 35 |
| 9 | गोवा | 626 |
| 10 | गुजरात | 20729 |
| 11 | हरियाणा | 4627 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 6194 |
| 13 | जम्मू एवं कश्मीर | 50980 |
| 14 | झारखंड | 5421 |
| 15 | कर्नाटक | 52918 |
| 16 | केरल | 183352 |
| 17 | लद्दाख | 260 |
| 18 | लक्षद्वीप | 3215 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 43919 |
| 20 | महाराष्ट्र | 17117 |
| 21 | मणिपुर | 2259 |
| 22 | मेघालय | 2100 |
| 23 | मिजोरम | 20980 |
| 24 | नागालैंड | 2975 |
| 25 | ओडिशा | 38065 |
| 26 | पुदुच्चेरी | 59267 |
| 27 | पंजाब | 1482 |
| 28 | राजस्थान | 2896 |
| 29 | सिक्किम | 2270 |
| 30 | तमिलनाडु | 191771 |
| 31 | तेलंगाना | 38269 |
| 32 | त्रिपुरा | 18672 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 19349 |
| 34 | उत्तराखंड | 1680 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 5025 |

***